**दैनिक भास्कर** बुरहानपुर 17-08-2023



**स्वतंत्रता दिवस समारोह** • नेपा मिल सीएमडी ने किया ध्वजारोहण, ली सलामी, विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति, सीएमडी बोले-

# सभी के सहयोग से नेपा मिल का गौरव वापस लौटा



सीएमडी ने परेड की सलामी ली।

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेपानगर के नेहरू स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। नेपा मिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक कोमोडोर सौरभ देब ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। नेहरू स्टेडियम पर आयोजित मुख्य समारोह में बड़ी संख्या में शहर के लोग पहुंचे थे। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सीएमडी ने उन्हें पुरस्कृत किया। वहीं मीडियाकर्मियों का भी सम्मान किया गया।

सीएमडी देब ने कहा वर्तमान परिदृश्य में भारतीय अखबारी कागज उद्योग अन्य देशों के कागज उद्योगों से उत्पादन व कीमत पर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इससे नेपा लिमिटेड भी प्रभावित है। भविष्य में इन चुनौतियों का सामना करने के लिए हम उच्च गुणवत्ता के अखबारी कागज के उत्पादन करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6526 मीट्रिक टन कागज का उत्पादन किया गया। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2023-24 में जुलाई माह तक 11062 मीट्रिक टन अखबारी कागज का उत्पादन किया गया। आगामी महीनों में हम निर्धारित लक्ष्य से अधिक उत्पादन करने के लिए प्रयासरत है। इसके अतिरिक्त आगामी समय में लेखन व मुद्रण कागज का निर्माण भी प्रस्तावित है। हमारे सभी कर्मचारी अपनी लगन, मेहनत व कार्यकुशलता से दोनों मशीनों को एक साथ सुचारु रूप से चला रहे हैं और संस्थान की उन्नति में योगदान देकर उत्पादन लागत को कम करने, उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रयासरत हैं। आरएमडीपी के बाद माह नवंबर 2022 से माह जुलाई 2023 तक कुल 17588 मीट्रिक टन उत्पादन के विरुद्ध हमने 63.70 करोड़ रुपए मूल्य का 12757 मीट्रिक टन कागज का विक्रय किया और लगभग 3000 मीट्रिक टन कागज आपूर्ति के लिए आदेश अभी हमारे हाथ में है। समारोह में मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन, महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा किशन पटेल, वरिष्ठ प्रबंधक वाणिज्य ज्ञानेश्वर खैरनार, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमन कानफाड़े, प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केसरी, जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे मौजूद थे।

## उत्कृष्ट सेवा के लिए किया सम्मान

बिजली कंपनी के कर्मचारी कृष्णा चौधरी को बुरहानपुर में हुए कार्यक्रम में कलेक्टर भव्या मित्तल ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आरके पाटिल, कृष्णा चौधरी को जिलाधिकारी भव्या मित्तल ने सम्मानित किया।

## सरकारी, निजी संस्थाओं में हुआ ध्वजारोहण

- सरकारी, निजी संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर पालिका में नपाध्यक्ष भारती पाटिल व एसडीएम कार्यालय में एसडीएम अजमेरसिंह गौड़ ने ध्वजारोहण किया। इसी तरह सरकारी, निजी स्कूलों में भी ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।
- हाईस्कूल भातखेड़ा में पूर्व विधायक रघुनाथ चौधरी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने कम्प्यूटर कक्ष का भी शुभारंभ किया।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर सीएमडी ने रखी बात, कहा-उत्पादन में निरंतर कर रहे बेहतर प्रयास

# अखबारी कागज उद्योग को करना पड़ रहा चुनौतियों का सामना : सीएमडी

पत्रिका सिटी रिपोर्टर
patrika.com

**नेपानगर.** वर्तमान परिदृश्य में अखबारी कागज उद्योग अन्य देशों के कागज उद्योगों से उत्पादन और कीमत पर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इससे नेपा लिमिटेड भी प्रभावित है। भविष्य में इन चुनौतियों का सामना करने के लिए हम उच्च गुणवत्ता के अखबारी कागज के उत्पादन करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

यह बात नेपा मिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सौरभ देब ने स्वतंत्रता दिवस पर कही। उन्होंने कहा वित्तीय वर्ष 2022.23 में 6526 मी टन कागज का उत्पादन किया गया। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2023.24 में जुलाई माह तक 11062 मी टन अखबारी कागज का उत्पादन किया तथा आगामी महीनों में हम निर्धारित लक्ष्य से अधिक उत्पादन करने के लिए प्रयासरत है। इसके अतिरिक्त आगामी समय में लेखन व मद्रण कागज का निर्माण भी प्रस्तावित है। हमारे समस्त कर्मचारी अपनी लगन, मेहनत एवं कार्यकुशलता से दोनों मशीनों को एक साथ सुचारु रूप से चला रहे हैं एवं संस्थान की उन्नति में योगदान देकर उत्पादन लागत को कम करने तथा उच्च गुणवत्ता बनाये रखने के लिए प्रयासरत हैं। आरएमडीपी के बाद माह नवंबर 2022 से माह जुलाई 2023 तक कुल 17588 मी टन उत्पादन के विरुद्ध हमने रुपए 63०70 करोड़ मूल्य का 12757 मी टन कागज का विक्रय किया और लगभग 3000 मी टन कागज आपूर्ति के लिये आदेश अभी हमारे हाथ में है।



स्टेडियम पर फहराया तिरंगा।

## खेल समिति ने किया कुश्ती का आयोजन

स्वतंत्रता दिवस पर खेल समिति की ओर से कुश्ती का दंगल आयोजित किया गया। इसमें रफीक पहलवान रावेर, अदनान पहलवान बुरहानपुर, योगेश पहलवान खंडवा, अर्जुन पहलवान खंडवा, नेपानगर, जाफर अली रसलपुर, राहुल महाजन नांदुरा, मयूर पहलवान हरदा, मिलिन पहलवान फोपनार आदि का मुकाबला हुआ।